32/2025

बिहार सराकर

शिक्षा विभाग

भू–सम्पदा पदाधिकारी एवं सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारी के पद पर संविदा के आधार पर नियोजन।

विज्ञापन सं०–04/वि 16–32/2025......456...... दिनांक...10/03/26...

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–10000, दिनांक–10.07.2015 एवं पत्र संख्या–3815, दिनांक–11.03.2016 में निहित प्रावधानों के तहत शिक्षा विभाग, बिहार, पटना में भू–सम्पदा पदाधिकारी के 01 एवं सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारी के 31 पद के विरूद्ध संविदा के आधार पर इच्छुक क्रमशः सेवानिवृत अपर समाहर्त्ता वेतन स्तर–12 एवं इसके उपर के पदाधिकारी तथा सेवानिवृत अंचल अधिकारियों (वेतन स्तर–09) से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

उद्देश्यः– शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं कार्यालयों की भूमि का सत्यापन, भूमि के विवरण का संकलन एवं संरक्षण तथा विभाग के अन्य विकासात्मक गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए ससमय भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

कार्यस्थलः– प्रत्येक जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय, शिक्षा भवन में सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारी एवं मुख्यालय स्तर पर अनुश्रवण हेतु भू–सम्पदा पदाधिकारी का पदस्थापन किया जाएगा।

कार्यक्षेत्रः– जिला अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं कार्यालयों के भूमि का ब्यौरा संकलन।

शर्तेः–

1. भू–सम्पदा पदाधिकारी एवं सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारी का संविदा के पद पर चयन तीन वर्ष के लिये होगा तथा अधिकतम 65 वर्ष आयु तक की जायेगी।

2. दिनांक–01.03.2026 को आवेदक की अधिकतम उम्र 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

3. नियोजित कर्मी द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा समय–समय पर की जायेगी और कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में उनकी संविदा कभी भी रद्द की जा सकेगी।

4. सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–10000, दिनांक–10.07.2015 के आलोक में मासिक मानदेय का निर्धारण किया जायेगा।

5. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और ना ही सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार होंगे। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति द्वारा नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में नियमितिकरण का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

6. नियोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा विहित आरक्षण नियमों का पालन किया जायेगा।

7. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित आशय का शपथ–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि :–

(क) उनके विरूद्ध निगरानी का कोई मामला नहीं चल रहा है।
(ख) उनके विरूद्ध कोई विभागीय कार्यवाही लंबित नहीं है।
(ग) कभी किसी मामले में उन्हें दंडित नहीं किया गया है।
(घ) उनके विरूद्ध कोई गंभीर आरोप/आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

8. चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर चयनित संविदा कर्मियों को शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा नियोजित एवं पदस्थापित किया जायेगा।

9. विहित आवेदन–पत्र के साथ निम्न अभिलेख/कागजात संलग्न करना आवश्यक होगा:–

(ख) उपर्युक्त कंडिका–7 में वर्णित शपथ–पत्र,
(ग) जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षण कोटि हेतु लागू),
(घ) महालेखाकार द्वारा निर्गत पी०पी०ओ० की छायाप्रति,
(ङ) अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो,
(च) अंतिम प्राप्त मूल वेतन से संबंधित कोई साक्ष्य,

(छ) सेवानिवृति के पूर्व धारित पद पर प्रथम नियुक्ति से संबंधित आदेश की प्रति,

10. इच्छुक सेवानिवृत अभ्यर्थी अपना पूर्ण विवरण संलग्न विहित प्रपत्र में ई–मेल estateofficer.edu@gmail.com के माध्यम से दिनांक–31.03.2026 तक उपलब्ध कराएंगे। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. संबंधित सूचना शिक्षा विभाग की बेबसाईट https://state.bihar.gov.in/educationbihar पर देखी जा सकती है।

12. संविदा आधारित भू सम्पदा पदाधिकारी के कुल 01 एवं सहायक भू सम्पदा पदाधिकारी के कुल 31 पदों की आरक्षण कोटिवार रिक्ति निम्नवत् है :–

I. भू–सम्पदा पदाधिकारी

क्र०	कोटि	पदों की संख्या
1.	अत्यंत पिछड़ा वर्ग	01
	कुल	01

II. सहायक भू–सम्पदा पदाधिकारी

क्र०	कोटि	पदों की संख्या
1	अनुसूचित जाति	03
2	अनुसूचित जनजाति	01
3	अत्यंत पिछड़ा वर्ग	07
4	पिछड़ा वर्ग	05
5	पिछड़े वर्गों की महिलाएँ	01
6	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (UR)	04
7	अनारक्षित	10
	कुल	31

Signed by
Manoranjan Kumar
(मनोरंजन कुमार) ...26 15:23:05
निदेशक (प्रशासन)।

शिक्षा विभाग,बिहार, पटना में भू सम्पदा पदाधिकारी (संविदा) एवं सहायक भू सम्पदा पदाधिकारी (संविदा) के पद पर नियोजन हेतु आवेदन—पत्र	PHOTO

विज्ञापन सं०—04/वि 16—32/2025.................. **दिनांक...........................**

1.	अभ्यर्थी का नाम:—	
2.	अभ्यर्थी के पिता/पति का नाम:—	
3.	सेवानिवृति के समय धारित पदनाम एवं वेतन स्तर:—	
4.	आवेदित पद का नाम :—	
5.	जन्म तिथि :—	
6.	सेवानिवृत्ति की तिथि :—	
7.	वर्तमान पता :—	
8.	स्थायी पता :—	
9.	नियुक्ति तिथि :—	
10.	मोबाईल नं० :—	
11.	ई—मेल आई०डी० :—	
12.	विभाग/कार्यालय का नाम, जहाँ से अभ्यर्थी सेवानिवृत्त हुआ है :—	
13.	अंतिम पद एवं स्थान का नाम :—	
14.	अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई आपराधिक वाद/ निगरानी वाद/ विभागीय कार्यवाही लंबित है या नहीं से संबंधित शपथ—पत्र। (शपथ—पत्र संलग्न करें)	
15.	क्या अभ्यर्थी आरक्षण की श्रेणी में आता है? यदि हाँ तो कोटि :— (साक्ष्य/प्रमाण—पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)	
16.	पी०पी०ओ० नं० :— (पी०पी०ओ० की छायाप्रति संलग्न करें)	
17.	अंतिम प्राप्त मूल वेतन से संबंधित कोई साक्ष्य :— (एल०पी०सी०/वेतन पुर्जा की छायाप्रति संलग्न करें)	
18.	सेवानिवृति के पूर्व धारित पद पर प्रथम नियुक्ति से संबंधित आदेश की प्रति :— (छायाप्रति संलग्न करें)	

तिथि :...

स्थान :...

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर